**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 28.06.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा, ने गढ़वाल राइफल्स की रेजिमेंट के 23वें कर्नल के रूप में पदभार संभाल लिया है।
- नशा विरोधी सप्ताह कार्यक्रम का आज समापन ।
- श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली सर्किट बेंच के कार्यक्रम में संशोधन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद मुनि इस प्राचीन भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यानंद जी ने अपने जीवन को केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी बनाया।

इस अवसर पर विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रीय श्रद्धांजलि समारोह की औपचारिक शुरूआत हो गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा, ने गढ़वाल राइफल्स की रेजिमेंट के 23वें कर्नल के रूप में पदभार संभाल लिया है। उन्होंने वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि का स्थान लिया। गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, उत्तराखंड में पूरे सैन्य सम्मान के साथ बैटन सौंपने का समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उन्होंने रेजिमेंट के वीरों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करते हुए युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। रेजिमेंट के 23वें कर्नल का पदभार ग्रहण करते हुए उन्होंने वीर गढ़वाली योद्धाओं के लोकाचार, अनुशासन और सैन्य विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><>

पोर्ट मोट के विवेकानंद केंद्र जिला परिषद विद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से ग्यारहवीं कक्षा में आर्ट्स स्ट्रीम शुरू की जाएगी। यह नई स्ट्रीम मानविकी, सामाजिक विज्ञान आदि जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और करियर बनाने में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए लाभकारी होगी। दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने कहा कि यह कदम छात्रों को कला में खोज करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। यह अतिरिक्त सुविधा समग्र और समावेशी शिक्षा के अनुरूप है। मौजूदा साइंस स्ट्रीम के साथ–साथ कला स्ट्रीम में भी प्रवेश शीघ्र ही शुरू हो जाएगा।

<><><><><><><>

नशा विरोधी सप्ताह कार्यक्रम का समापन समारोह आज राज्य पुस्तकालय में आयोजित किया गया। शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा की ओर से 23 जून से 28 जून तक सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना और एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और लत को

रोकने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि और सम्माननीय अतिथि, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित नरेश चंद्र लाल ने सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। श्री नरेश चंद्र लाल द्वारा 'ड्रग्स पर युद्ध' शीर्षक पर एक प्रेरक फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और लत से मुक्त समाज बनाने की दिशा में काम करने की शपथ भी ली गई।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली सर्किट बेंच के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब सर्किट कोर्ट 30 जून से 14 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कौशिक चंदा और न्यायमूर्ति कृष्ण राव मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के सहयोग से क्षेत्रीय कृषि कार्यालय, रंगत, की ओर से 'वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान जिला परिषद के उपाध्यक्ष आर. माधवन मुख्य अतिथि, जबकि पंचायत प्रधान बालामुरुगन सम्माननीय अतिथि थे। पर्णशाला ग्राम पंचायत हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कृषि समुदाय, विशेषकर युवाओं के उत्थान के लिए मधुमक्खी पालन के महत्व पर जानकारी देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। इससे पहले, रंगत के कृषि अधिकारी कन्हैया लाल प्रसाद ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मधुमक्खी पालन प्रथाओं और इसके प्रबंधन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिए नारियल बागान, चित्रकूट, का क्षेत्रीय दौरा आयोजित किया गया।

<><><><><><>

भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण ने मत्स्य विभाग के सहयोग से पोकाडेरा स्थित फिश लैंडिंग सेंटर में 'समुद्री प्लास्टिक कूड़े' पर एक दिवसीय कार्यशाला–सह–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन ने किया। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी लता हेज प्रसाद, एस डी पी ओ रजनीकांत अवधियार, तथा भारतीय तटरक्षक के सहायक कमांडेंट तुलसीदास भारद्वाज भी उपस्थित थे। तकनीकी सत्र के दौरान मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. सी बाबू ने समुद्री प्लास्टिक कूड़े के प्रभावों, समुद्री प्लास्टिक कूड़े के प्रबंधन में एफ एस आई की भूमिका और संगठन के सर्वेक्षण निष्कर्षों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण द्वारा मछुआरों की रैली और स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किया गया था।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे में होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए कल आयोजित होने वाला शारीरिक परीक्षा प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। अब यह परीक्षा एक जुलाई को दिन में ग्यारह बजे से आरंभ होगी। उम्मीदवारों को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम वी स्वराज द्वीप के कल सुबह नौ बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज पर 200 से अधिक यात्री सवार है और 256 मीट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग में पशु चिकित्सा कम्पाउंडर के पद पर नियुक्ति की जाएगी। छब्बीस जुलाई को डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में भारी वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक लांग आइलैंड में एक सौ सात मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में उनसठ, मायाबंदर में चौवन, हटबे में तेरह और कार निकोबार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में नौ–नौ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा होगी।

<><><><><><>